क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन-जिला चांगलांग, अरूणाचल प्रदेश

<u>सफलता की कहानी</u>

योजना का नाम	क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन
क्लस्टर का नाम	मधुमक्खी पालन
स्वीकृति का वर्ष	**2022-23**
वितरित राशि	रू. **11.00 लाख**
प्रतिभागियों की सं.	**60**
कार्यान्वयन एजेंसी	पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम (एन.ई.आर.ए.एम.ए.सी.) लिमिटेड, गुवाहाटी

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (NBCFDC) ने ''क्लस्टर हेतु तकनीकी उन्नयन'' योजना के तहत 60 मधुमक्खी पालक किसानों के लिए परियोजना को मंजूरी दी थी। वर्ष 2022-23 में जिला-चांगलांग, अरुणाचल प्रदेश में उत्साही मधुमक्खी पालकों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम (एन.ई.आर.ए.एम.ए.सी.) लिमिटेड, गुवाहाटी, असम के माध्यम से योजना को लागू किया गया है।

इस योजना के तहत, NBCFDC ने प्रत्येक प्रतिभागी को मधुमक्खी पालन के लिए मधुमक्खी के छत्ते के 3 बक्सों सहित आवश्यक उपस्कर एवं टूल (छत्ते के स्टैंड, फीडर फ्रेम, हाइव टूल, मधुमक्खी सुरक्षा कवर, दस्ताने, शहद भंडारण ड्रम, आदि) वितरित किए। इन व्यक्तियों को उद्यमशीलता परियोजनाओं की खोज में सहायता करने के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई गई थी, जिसने समुदायों के साथ-साथ व्यक्तियों के आर्थिक विस्तार और विकास में योगदान दिया है।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) और मधुमक्खी पालन के लिए उपस्करों/टूल की खरीद से इस क्लस्टर में NBCFDC के हस्तक्षेप से 60 लाभार्थियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। पहले वे चावल की खेती पर निर्भर थे और NBCFDC के हस्तक्षेप के बाद लाभार्थी सक्रिय रूप से शहद प्रसंस्करण और मधुमक्खी पालन में लगे हुए हैं। उनके सामाजिक और आर्थिक पहलू में सुधार हुआ है और अब वे प्रति वर्ष 1.25 लाख रुपये से 1.50 लाख रुपये के बीच कमा रहे हैं।